# विश्व हाथ धुलाई केम्पेन रिपोर्ट

# अलीराजपुर



# बच्चों को सिखाएंगे हाथ धोने के तरीके

## स्कूलों में 15 को मनेगा हाथ धुलाई दिवस

आजाद नगर में हाथ धुलाई के लिए प्रशिक्षण लेते शिक्षक।


**आजाद नगर।** 15अक्टूबर को हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर एक साथ हाथ धुलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए विकासखंड की चयनित प्राथमिक एवं माध्यमिक 50 शालाओं के बच्चे हाथ धोने के तरीके सिखेंगे।

बीईओ सतीशसिह ने बताया कि कार्यक्रम के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण के माध्यम से समझाया गया कि किस प्रकार से भिन्न-भिन्न विधियों से बच्चों के हाथ धुलवाना है। रिकॉर्ड के लिए सभी शालाओं में गवाह के रूप ं शिक्षकों के साथ पंच, सपपंच और तिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व

**विकासखंड की 50 चयनित शालाओं में देंगे प्रशिक्षण**

तैयारियों के चलते शासन द्वारा किस गवाह को कहां उपस्थित होना है उनका ऑनलाइन चयन कर पासवर्ड जारी कर दिया गया है। कार्यक्रम में एक घंटे के दौरान बच्चों को हाथ धुलाते हुए उनकी वीडियो रिकार्डिंग भी की जाएगी। प्रशिक्षण में सैयद अनवर अली एवं शेखर कुलकर्णी ने शिक्षकों को बताया कि 13 एवं 14 अक्टूबर को डेमो के रूप में रिहर्सल करना है।**-निप्र**







# सर्व हितैषी शिक्षण समिति,

49,शिद्वेश्वर कालोनी, झाबुआ–457661

मो. 09770295890 ईमेल: jhabuasarvahitaishi@gmail.com

# अनुक्रमणिका


| अध्याय | विषयवस्तु | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 1. | कार्यक्रम की पृष्टभूमि अलीराजपुर के परिपेक्ष में | 3—3 |
| 2. | प्रशिक्षण कार्यक्रम | 4—4 |
| 3. | सामग्री वितरण एवं स्कूल फालोअप | 5—5 |
| 4. | अभ्याष कार्यक्रम | 5—5 |
| 5. | हाथ धुलाई कार्यक्रम | 6—6 |
| 6. | निष्कर्ष एवं परिणाम | 7—7 |
| 7. | न्यूज पब्लिकेशन | 8—9 |
| तालिका क. | **तालिकाएँ** | |
| 1. | विकासखण्ड अनुसार स्कूलो की जानकारी | 3—3 |
| 2. | विकासखण्ड अनुसार प्रशिक्षण की जानकारी | 4—4 |
| 3. | सामाग्री वितरण एवं तैयारियो का फालॅाअप | 5—5 |
| 4. | कार्यक्रम मे सहयोग करने के लिए गठित टीम | 5—5 |
| 5. | विकासखण्ड अनुसार स्कूलो के परिणाम | 7—7 |
| | | |

# अध्याय 1 कार्यक्रम की पृष्टभूमि अलीराजपुर के परिपेक्ष में

अलीराजपुर जिले में 6 विकासखण्डो के 228 स्कूलो का चयन हाथ धुलाई कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से किया गया, इन स्कूलो का ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन किया गया एवं इन स्कूलो मे पंजीकृत बच्चो की संख्या 32932 थी। इस कार्यक्रम के लिए विकासखण्ड अनुसार तालिका मे प्रदर्शित है।

| विकासखण्ड अनुसार स्कूलो की जानकारी | | |
|---|---|---|
| विकासखण्ड | स्कूलो की संख्या | पंजीकृत बच्चो की संख्या |
| अलीराजपुर | 50 | 7085 |
| जोबट | 31 | 4518 |
| उदयगढ | 19 | 2496 |
| भाबरा | 50 | 6893 |
| कट्ठीवाडा | 23 | 3478 |
| सोण्डवा | 55 | 8462 |
| कुल | 228 | 32932 |

अलीराजपुर की ओर से भोपाल मे 4–5 सितम्वर को मास्टर ट्रेनर के रूप मे सर्व हितैषी शिक्षण समिति की ओर से डूगर सिंह यादव, बहादर बामनिया, भीकन सिह ने भाग लिया एवं टी.ओ. वॉस को भी इस कार्यक्रम के लिए मास्टर ट्रेनर बनाया गया।

10 सितम्वर को अलीराजपुर कलेक्टर कार्यालय मे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का आयोजन हुआ बैठक मे कलेक्टर श्री शेखर वर्मा, विधायक श्री माधौव सिह डावर, जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमर सिह बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हिंगली बाई रावत, जिला समन्वयक एन.बी.ए. श्रीमती राधा बडोले, समस्त विकासखण्ड के जनपद सी.ई.ओ. समस्त एन.बी.ए. बी.सी., एवं कई अधिकारी गण उपस्थित थे एवं एम.पी. टास्ट से टी.ओ. वॉश श्री मनीष गिरधानी, ईड्स संस्था से श्री अजीत सक्सेना, श्री सुरेश जयसवाल, डॉ सुनील सर्व हितैषी शिक्षण समिति से श्री अजहर उल्ला खॉन ने भाग लिया। कार्यक्रम ने श्री अजीत सक्सेना ने भाबरा व्लाक मे पी.आई.वी. के आयोजन एवं प्लान के बारे मे बताया इसके बाद हाथ धुलाई कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्ययोजना श्री मनीष के द्वारा बताई गई कार्यक्रम के अन्त मे कलेक्टर महोदय के द्वारा सभी जनपद सी.ई.ओ. को शौचालय के काम समयावधि मे पूर्ण करने के निर्देश दिये बैठक के समापन के बाद पी.आई.वी. का शुभारम्भ मण्डी प्रागण अलीराजपुर से किया गया।



## समयावधि में पूर्ण करें कार्यः कलेक्टर

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में निर्देश

समिति की बैठक में उपस्थित कलेक्टर श्री वर्मा व अन्य अधिकारी।

हरी झंडी दिखाकर रथ का रवाना करतीं छात्राएं और श्रीमती रावत।

**आलीराजपुर।** कलेक्टोरेट में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्टर शेखर वर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्मल भारत अभियान के तहत निर्मित हो रहे शौचालयों और अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई।

श्री वर्मा ने कहा कि समयावधि में सारे कार्य पूर्ण करें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हिंगलीबाई रावत और जोबट विधायक माधौसिंह डावर भी उपस्थित थे। श्री डावर ने निर्मल भारत अभियान के विभिन्न बिन्दुओं एवं प्रगति के संदर्भ में चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमरसिंह बघेल ने अभियान की प्रगति से अवगत कराने के साथ विश्व हाथ धुलाई के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी का वाचन किया। जिला समन्वयक निर्मल भारत अभियान राधा बड़ोले और एमपी टास्क के मनीष गिरधानी टीओ ने विश्व हाथ धुलाई कार्यक्रम को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल करने संबंधी प्रस्तुतिकरण देकर बताया कि शासन पूरे प्रदेश में विश्व हाथ धुलाई दिवस के दिन लगभग 20 लाख बच्चों को एक साथ हाथ धुलवाकर विश्व कीर्तिमान बनाने जा रहा है। इस अभियान में सभी विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। इसके पश्चात एमपी टास्क की लीड संस्था ईड्स के अजीत सक्सेना ने विकासखंड आजादनगर में चलने वाले पेन इन वेन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सहयोगी संस्था सर्व हितैषी शिक्षण समिति के अजहर उल्लाह खान ने एक माह चलने वाले अभियान के बारे में जानकारी दी। बैठक में सभी विकासखंडों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एनबीए के ब्लॉक समन्वयक आदि उपस्थित थे।

**स्वच्छता रथ रवाना**

बैठक के बाद वाटर एड, एमपी टास्क, ईडस संस्था व जिला प्रशासन के सहयोग से जिले के विकासखंड आजादनगर में पूरे एक माह चलने वाले स्वच्छता रथ को जिला पंचायत अध्यक्ष हिंगलीबाई रावत व मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमरसिंह बघेल ने हरी झंडी दिखाकर मंडी प्रांगण से रवाना किया।

यह रथ विकासखंड की ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को स्वच्छता पर जागरूक करेगा। कार्यक्रम के पूर्व शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय आलीराजपुर की छात्राओं ने आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हाथ धुलाई का अभ्यास कराया। **-निप्र**

**गोली चलने से घायल**

**आलीराजपुर।** ग्राम सोरवा में बुधवार की रात एक व्यक्ति गोली के छर्रे लगने से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार झेत्रिया पिता चंदरिया निवासी प्रताप फलिया सोरवा, अपने साथियों के साथ चोरी की वारदात करने गया था। इस दौरान सामने से आत्मरक्षार्थ किसी ने 12 बोर की बंदूक से फायर किया, जिसके छर्रे झेत्रिया को लगे और वह घायल हो गया। पुलिस ने इसे घायल अवस्था में शंका के आधार पर पकड़ा और जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

हाथ धुलाई कार्यक्रम कार्यक्रम मे सबसे महत्वपूर्ण सहयोग एवं भूमिका बी.आ.सी. की रही जिन्होने प्रशिक्षण से लेकर पूरे कार्यक्रम मे सहयोग दिया और पूरे कार्यक्रम मे लगातार सम्पर्क मे रहकर कार्यक्रमो को सफलता पूर्वक आयोजिन किया।

इसी के साथ कार्यक्रम मे नोडल अधिकारी की भूमिका निभा रहे जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमर सिंह बघेल का सराहनीय सहयोग रहा जिन्होने पूरे प्रशासन को इस कार्यक्रम से जोडकर रखा और समय समय पर अपना महम्वपूर्ण योगदान इस अभियान को दिया। इस अभियान की सफलता के लिए पूरा प्रशासन बधाई का पात्र है।

# अध्याय 2 — प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम के बारे मे सबसे पहला प्रशिक्षण समस्त बी.आर.सी. एवं बी.सी.एन.बी.ए. का किया गया प्रशिक्षण के दोरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के रूप मे जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमर सिंह बघेल को चुना गया। इस प्रशिक्षण का उद्वेश्य था कि अलीराजपुर जिले के लिए और मास्टर ट्रेनर को तैयार करना। प्रशिक्षण मे जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री बघेल, एन.बी.ए. से जिला समन्वयक श्रीमती राधा बडोले, शिक्षा विभाग से समस्त विकासखण्ड के बी.आर.सी., एन.बी.ए. से समस्त विकासखण्ड के बी.सी. टी.ओ. वॉस मनीष एवं सर्व हितैषी शिक्षण समिति से डूगर सिह यादव उपस्थित थे।

श्री मनीष एवं डूगर सिह एवं समस्त बी.आर.सी. एवं बी.सी.एन.बी.ए. के द्वारा प्रवंधक गवाह एवं बीडियोग्राफर के प्रशिक्षण समस्त विकासखण्ड मे पूर्ण किए गये।

| विकासखण्ड अनुसार प्रशिक्षण की जानकारी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| विकासखण्ड | प्रवंधक | गवाह | बीडियो ग्राफर | कुल |
| अलीराजपुर | 168 | 86 | 50 | 304 |
| जोबट | 72 | 52 | 31 | 155 |
| उदयगढ | 52 | 35 | 19 | 106 |
| भाबरा | 152 | 66 | 50 | 268 |
| कट्ठीवाडा | 75 | 48 | 23 | 146 |
| सोण्डवा | 150 | 98 | 55 | 303 |
| कुल | 669 | 385 | 228 | 1282 |

अलीराजपुर में 2 बेच मे 168 प्रवंधक, 2 वेच मे 86 गवाह एवं 1 बेच मे 50 बीडियोग्राफरो को प्रशिक्षण दिया गया।





दैनिक भास्कर
इंदौर • रविवार, 12 अक्टूबर, 2014. 24

आलीराजपुर

हाथ धुलाई दिवस 15 को

**शिक्षक करेंगे वीडियोग्राफी**

जिला पंचायत सीईओ ने बीआरसी व शिक्षकों को दी जिम्मेदारी

आलीराजपुर. शाला प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

**भास्कर संवाददाता.** आलीराजपुर

जिले के चिह्नित प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में 15 अक्टूबर को विद्यार्थियों के हाथ धुलाए जाएंगे। इस दिन होने वाली वीडियोग्राफी शिक्षक ही करेंगे। वीडियोग्राफर उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण शिक्षकों व बीआरसी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

खंड स्त्रोत कार्यालय आलीराजपुर में शनिवार को वीडियोग्राफी एवं फोटो ग्राफी पर शाला प्रभारियों को बीआरसी सुनील दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सामग्री वितरण के दौरान प्रत्येक सामग्री के उपयोग के बारे में भी बताया गया। वीडियोग्राफी बिना काट-छांट के सतत एक ही जगह से एक घंटे तक करनी होगी। इतना ही नहीं प्रत्येक स्थान के चार फोटो भी लिए जाएंगे जो विभिन्न गतिविधियों को दिखाएंगे। कार्यक्रम के पूर्व सभी चयनित स्कूलों में 13 एवं 14 को अक्टूबर को बच्चों का हाथ धुलाई का अभ्यास कराया जाएगा।

**बीआरसी व जनशिक्षक करेंगे सहयोग**

आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में जिले के बीआरसी व निर्मल भारत अभियान के जिला समन्वयक को प्रशिक्षित किया जा र है। जिसमें उन्हें आयोजन के बारे में तैयारी करने को कहा गया। बीआरस जनशिक्षक, एमपी कास्ट इनका सहयोग भी कर रही है।

जोबट में 2 बेच मे 72 प्रवंधक, 2 वेच मे 52 गवाह एवं 1 बेच मे 31 बीडियोग्राफरो को प्रशिक्षण दिया गया।

उदयगढ में 1 बेच मे 52 प्रवंधक, 1 वेच मे 35 गवाह एवं 1 बेच मे 19 बीडियोग्राफरो को प्रशिक्षण दिया गया।

भाबरा में 2 बेच मे 152 प्रवंधक, 2 वेच मे 66 गवाह एवं 1 बेच मे 50 बीडियोग्राफरो को प्रशिक्षण दिया गया।

कट्ठीबाडा में 2 बेच मे 75 प्रवंधक, 1 वेच मे 48 गवाह एवं 1 बेच मे 23 बीडियोग्राफरो को प्रशिक्षण दिया गया।

सोण्डवा में 3 बेच मे 150 प्रवंधक, 2 वेच मे 98 गवाह एवं 1 बेच मे 55 बीडियोग्राफरो को प्रशिक्षण दिया गया।

## अध्याय 3 सामग्री वितरण एवं स्कूल फालोअप

राज्य स्तर से सामग्री जिला स्तर पर पहुची पर शासकीय अवकाश होने के कारण सामग्री जिला पंचायत मे न पहुँच सकी जिसे संस्था के कार्यालय भाबरा मे रखवाया गया।

इसके पश्चात विकासखण्ड अनुसार सामग्री टी.ओ. वाश एवं सस्था कार्यकर्ताओ के माध्यम से विकासखण्डो मे पहुचाई गई। सामग्री विकासखण्ड मे पहुचने के बाद स्कूल स्तर तक पहुचने के लिए काफी फॉलोअप एवं वितरण समन्धि जानकारी बी.आर.सी. को देना पडी जिसमे लिए विकासखण्ड अनुसार जिम्मेदारी श्री मनीष टी.ओ. अलीराजपुर एवं जोवट, श्री अजहर उल्ला खॉन सर्व हितैषी शिक्षण समिति उदयगढ एवं सोण्डवा श्री डूगर सिह भाबरा एवं कट्ठीवाडा की जिम्मेदरी ली एवं सामग्री वितरण मे इन विकासखण्डो मे सहयोग दिया।

संस्था द्वारा के कार्यकर्ताओ द्वारा विकासखण्ड अनुसार निम्न स्कूलो मे सामाग्री वितरण एवं तैयारियो का फालॉअप लिया। कुल मिलाकर सस्था के कार्यकर्ताओ के माध्यम से 4 विकासखण्ड के 39 स्कूलो मे जाकर सामाग्री वितरण एवं तैयारियो का फालॉअप किया किया एवं आ रही समस्याओ का समाधान बताया। काफी स्कूलो मे फालॉअप के दौरान दिर्शानिर्देश समझाए गये एवं तैयारियो को पूर्ण कराया गया।

| सामाग्री वितरण एवं तैयारियो का फालॉअप | |
|---|---|
| विकासखण्ड | स्कूलो की संख्या |
| उदयगढ | 03 |
| भाबरा | 28 |
| कट्ठीवाडा | 03 |
| सोण्डवा | 05 |
| कुल | 39 |

## अध्याय 4 अभ्याष कार्यक्रम

सस्था के द्वारा अभयास कार्यक्रम एवं 15 अक्टूवर के कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए एक टीम का गठन किया जो एवं उनका प्रशिक्षण किया जो निम्न ग्राम पंचायतो के स्कूलो के अभ्यास कार्यक्रम मे भाग लेकर सहयोग प्रदान करेगी। गठिट टीम के द्वारा स्कूल में जाकर शिक्षको का सहयोग किया और दिशानिर्देशो के अनुयार कार्यकमो का आयोजन कराया।

| कार्यक्रम मे सहयोग करने के लिए गठित टीम | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | स्कूल का नाम | ग्राम का नाम | भाग लेने बाले बच्चो की संख्या | जिम्मेदार व्यक्ति |
| 1. | प्रा. वि. | मेढा | 120 | डूगर सिह यादव |
| 2. | प्रा. वि. | खेरियामाली | 67 | |
| 3. | मा. वि. | सन्दा | 105 | प्रबीण गोयल |
| 4. | मा. वि. | डूगलावानी | 50 | भीकन सिंह कनेश |
| 5 | प्रा. वि. | डूगलावानी | 50 | |
| 6. | प्रा. वि. | रोलीगॉव | 100 | बहादर बामनिया |
| 7. | मा. वि. | रोलीगॉव | 135 | |
| 8. | प्रा. वि. | बडगॉव | 90 | गोरधन गोहिल |
| 9. | मा. वि. | बडगॉव | 101 | |
| 10. | प्रा. वि. | रणखेतर महेन्द्रा | 50 | नवल सिह बामनिया |
| 11. | प्रा. वि. | महेन्द्रा | 81 | |
| 12. | ईजीएस. वि. | महेन्द्रा | 88 | |
| 13. | मा. वि. | महेन्द्रा | 75 | |
| 14. | मा. वि. | छोटा खुटाजा | 83 | प्रताप परमार |
| 15. | प्रा. वि. | झीरण | 109 | वेस्ता खेलिया |
| 16. | मा. वि. | झीरण | 119 | |

# अध्याय 5 हाथ धुलाई कार्यक्रम

कार्यक्रम मे अलग अलग जगहो पर निम्न अधिकारियो ने भाग लिया लिया।



कलेक्टर श्री शेखर वर्मा ग्राम कुड मे उपस्थित हुए जिन्होने विकलांग बच्चो के हाथ धुलबाये एवं ग्राम खरपई के माध्यमिक विद्यालय मे जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमर सिह बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री माल्वी जी अपर कलेक्टर श्री पाटीदार जी, जिला समन्वयक श्रीमती राधा बडोले एवं बी.ई.ओ., मीडिया एवं पी.आर.ओ. ने भी हाथ धोकर कार्यक्रम मे भाग लिया।

खरपई मे सुबह 8:15 से बच्चो का पंजीयत प्रारम्भ हुआ और 10 बजे तक पंजीयन पूर्ण कर लिया गया पजीयन पूर्ण होने के पश्चात बच्चो का प्रवेश द्वार से प्रवेश कराया गया और 11 बजे से हाथ धुलाई कर कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया गया।



प्रवंधक, स्वयंसेवक एवं गबाह ने निर्देशो के अनुसार कार्यक्रम को पूर्ण रूप दिया एवं हाथ धोने की प्रक्रिया 12 बजे तक चली एवं कार्यक्रम के फोटो एवं बीडियो भी दिशा निर्देशो के अनुसार लिए गये।कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित अधिकारियो द्वारा बच्चो को सम्वोधित किया और हमेशा हाथ धोने एवं साफ सफाई से रहने की बात की और कार्यक्रम का समापन किया गया।





# अध्याय 6 निष्कर्ष एवं परिणाम

जिले की 228 चयनित शालाओ में हाथ धुलाई कार्यक्रम सफलता पूर्व सम्पन्न किया गया निश्चित की कार्यक्रम के माध्यम से बच्चो मे हाथ धोने की प्रवृति को बढावा मिलेगा।

सम्पूर्ण जिले के सभी चयनित शालाओ मे इस कार्यक्रम को बडी गम्भीरता के साथ लिया गया और हमेशा हाथ धोने का एवं साफ सफाई का ज्ञान बच्चो को दिया जाएगा।

विकासखड अनुसार निम्न परिणाम सामने आये।

अलीराजपुर मे 4750 जोबट में 3179, उदयगढ में 1904, भाबरा में 5028 ,कट्ठीबाडा मे 2419, सोण्डवा मे 5100 कुल अलीराजपुर जिले मे 22378 बच्चो ने हाथ धोकर कीर्तीमान बनाया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चो मे स्वच्छता का जो संदेश पहुँचा है इसके परिणाम अवश्य ही सामने आयेगा।

**विकासखण्ड अनुसार स्कूलो के परिणाम**

| विकासखण्ड | स्कूलो की संख्या | पंजीकृत बच्चो की संख्या | कार्यक्रम मे शामिल बच्चो की संख्या |
|---|---|---|---|
| अलीराजपुर | 50 | 7085 | 4750 |
| जोबट | 31 | 4518 | 3179 |
| उदयगढ | 19 | 2496 | 1904 |
| भाबरा | 50 | 6893 | 4609 |
| कट्ठीवाडा | 23 | 3478 | 2419 |
| सोण्डवा | 55 | 8462 | 5100 |
| कुल | 228 | 32932 | 21961 |





20 | नईदुनिया | इंदौर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2014 — झाबुआ - आलीराजपुर — www.naidunia.com

# हाथ धोकर बच्चों ने बनाया स्वच्छ भारत

शिक्षकों और अतिथियों ने भी दिखाया उत्साह

अंचल में बुधवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस को लेकर शैक्षिक संस्थाओं में खासा उत्साह देखा गया। हाथ धोने की आदत को बढ़ावा देने और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने के उद्देश्य से चिन्हित स्कूलों में "स्वच्छ हाथ सुरक्षित जीवन" का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए सामूहिक रूप से हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके लिए स्कूल स्टाफ ने बच्चों को हाथ धोने की प्रक्रिया समझाते हुए पांच तरीकों से हाथ धुलवाए। इस दौरान अतिथियों ने हाथ धोने का महत्व समझाया और विद्यार्थियों को अच्छी सेहत के साथ स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया। पूरे कार्यक्रम की वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

झाबुआ — जगह-जगह हुए कार्यक्रम, विधायक भी पहुंचे बच्चों के बीच

## स्कूली बच्चों के हाथ धुलवाकर दिया स्वच्छता का संदेश

### झाबुआ ब्लॉक के मुख्य आयोजन ढेकल बड़ी में विधायक बिलवाल भी पहुंचे

### हाथ धुलवाकर दी जानकारी

### स्वच्छता पर दिया जोर

### विशेषज्ञ भी मौजूद थे

### बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

### प्राचार्य ने भी धुलवाए हाथ

### विधायक निर्मला भूरिया ने बताया महत्व

### 65 छात्र ने की सहभागिता

### आयोजन के उद्देश्य बताए विस्तार से

आलीराजपुर — कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ फोटोग्राफी भी कराई गई

## जिले की 228 शालाओं में 32 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने धोए हाथ

### जिले के ग्राम कुंड में कलेक्टर की मौजूदगी में मूक-बधिर 32 बच्चों ने भी हाथ धोए

### कलेक्टर शामिल हुए

### स्वच्छता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी

### 100 बच्चे शामिल हुए

### 19 स्कूलों में हाथ धुलाए

### कार्यक्रम पर रखी कड़ी नजर

### दो गवाहों की उपस्थिति की गई थी अनिवार्य

### पंजीयन भी किया गया

### छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह

# वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए 32 हजार बच्चों ने धोए हाथ



जिला पंचायत सीईओ ने खरपई में बच्चों के हाथ धुलाए।



विवेकांनद स्कूल में नन्हे बच्चों के हाथ धुलाए गए।

## जिले की 228 शालाओं में एक साथ हुआ आयोजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारियों ने भी लिया भाग

**भास्कर संवाददाता** | आलीराजपुर

वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए जिले में विश्व हाथ धुलाई दिवस पर गुरुवार को जिले की 228 शालाओं में 32 हजार विद्यार्थियों ने हाथ धोए। मुख्य कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम खरपई में हुआ। यहां सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक हाथ धुलाई कार्यक्रम चला।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ अमरसिंह बघेल ने कहा स्वच्छता का जीवन में अत्यधिक महत्व है। घर के आसपास, गांव, विद्यालय, अस्पताल आदि की साफ-सफाई होना चाहिए। बच्चे अपने परिवार, मित्र व पड़ोसियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। संयुक्त कलेक्टर दयाचंद पाटीदार ने हाथ धुलाई के पांच चरण परिचितों को भी सीखाने की बात कही। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एमके मालवीय, जिला समन्वयक निर्मल भारत अभियान राधा बड़ोले, बीआरसी सुनील दुबे आदि मौजूद थे। इस दिन जिले के सभी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, आश्रमों, छात्रावासों में स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम की वीडियो रिकार्डिंग एवं फोटोग्राफी भी कराई गई। संचालन जनशिक्षक शरद क्षीरसागर ने किया। आभार मनीष गिरधानी ने माना।

### कलेक्टर ने भी लिया हिस्सा

कलेक्टर शेखर वर्मा ने ग्राम कुंड स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हाथ धुलाई कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 71 छात्र-छात्रों ने हाथ धोए, जिनमें 32 मूकबधिर शामिल है। उन्होंने स्वच्छता के बारे विद्यार्थियों को जानकारी भी दी।

### 100 बच्चों ने धोए हाथ

**छकतला**| कन्या माध्यमिक विद्यालय छकतला में वर्ल्ड रिकार्ड के लिए 100 छात्राओं ने भाग लेकर पांच चरणों में विधिवत हाथ धोए। आयोजन में बसंतसिंह किराड़, सुनिल वाघेला छितुसिंह बामनिया, मोहनसिंह कनेश, जयंतीलाल चौकिया, पीएस बघेल का सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रधान पाठक मानसिंह ठकराव, इसु कनेश, विक्रमसिंह डावर, सुमन ठकाराव, रक्षित मोदी, जंडेलसिंह तोमर, अखिलेश मंडलोई, नानजी कनेश मौजूद थे।